"सरोकार निबन्ध प्रतियोगिता 2020-2021"

सरोकार संस्था द्वारा उत्तराखण्ड के और उत्तराखण्ड मूल के प्रवासी छात्र छात्राओं के लिए हिन्दी मे स्वलिखित ऑनलाइन राज्यव्यापी निबंध आलेख प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता मे केवल वर्तमान मे शिक्षारत कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन के मुख्य उद्द्येश्य हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार, विद्यार्थियों मे हिन्दी के लिए सम्मान एवं रुचि पैदा करना, हिन्दी लेखन व कौशल को बढ़ावा देना और प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को पुरष्कृत और सम्मानित कर उन्हे उत्तराखण्ड के विकास मे सहभागिता के साथ राष्ट्र निर्माण के लिये प्रोत्साहित करना है।

निबन्ध प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिये 31.10.2020 तक आवेदन किया जा सकता है।

निबन्ध लेखन के लिये प्रथम चरण की प्रतियोगिता 22.11.2020 के दिन सम्पन्न होगी।

निबन्ध लेखन के लिये "शीर्षक" जिस पर निबन्ध लिखा जायेगा उसका निर्धारण प्रबंधन कमिटी और प्रतियोगिता के लिये गठित बरिष्ठ शिष्टमण्डल और जजों के पैनल द्वारा तय होगा और निबन्ध लेखन की तिथि के दिन ही प्रातः 10 बजे प्रतियोगियों को वह शीर्षक दिया जायेगा। चार घण्टों के अन्तर्गत अतः उसी दिन अपराह्न 2 बजे तक प्रतियोगी को दिये गये शीर्षक पर निबन्ध लिखकर उसकी फोटो प्रति ईमेल द्वारा संस्था को प्रेषित करनी होगी।

प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर, जिला स्तर और राज्य स्तर तीन चरणों की होगी। ब्लॉक स्तर पर चयनित प्रतिभागी जिला स्तर की प्रतियोगिता मे भाग ले सकेंगे और जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता मे भाग ले सकेंगे।

उत्तराखण्ड के हर जिले से 5 छात्र और 5 छात्राओं को उनके निबंध लेखन के मूल्यांकन के आधार पर चयनित कर उन्हें राज्य स्तर की प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिये आमंत्रित किया जायेगा। अतः130 (65 छात्र और 65 छात्रायें) प्रतिभागियों के लिये राज्य स्तर की प्रतियोगिता मे भाग लेने का अवसर होगा और उन्ही मे से उनके राज्य स्तर के निबंध लेखन के मूल्यांकन के आधार पर प्रथम स्थान से आठवें स्थान तक की श्रेणी मे रख कर पुरष्कृत कर प्रशस्ति पत्र भी दिये जायेंगे तथा राज्य स्तर के अखबारों मे प्रथम स्थान से चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं के चित्र उनके द्वारा प्राप्त रैंक के साथ प्रकाशित भी किये जायेंगे।

पुरष्कार वितरण समारोह की जगह उत्तराखण्ड के किसी भी शहर मे जजों की सम्मति से तय की जायेगी।

यह प्रतियोगिता उत्तराखण्ड और उत्तराखण्ड मूल के छात्र छात्राओं के लिये अपनी लेखन योग्यता परखने के साथ पुरष्कार और ख्याति पाने का एक अवसर भी होगा।

प्रवासी छात्र छात्राओं को आवेदन फार्म मे अपने उत्तराखण्ड मूल का पूरा पता देना अनिवार्य है।

प्रतियोगिता की सम्पूर्ण नियमावली संस्था की वेबसाइट www.sarokaar.org पर उपलब्ध होगी।

राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्र और छात्रा दोनो को अलग अलग रु.50,000/- के चेक पुरष्कार स्वरूप भेंट किये जायेंगे।

द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्रा को रु.40,000/-(प्रत्येक)

तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्रा को रु.30,000/-(प्रत्येक)

चतुर्थ स्थान प्राप्त छात्र छात्रा को रु.25,000/-(प्रत्येक)

पांचवें स्थान से दसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को रु.5-5 हजार, ग्यारहवें से बीसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को रु.3-3 हजार, इक्कीसवें से तीसवें स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को रु.२-२ हजार और बाकी बचे इकत्तीसवें और आगे का स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को 1-1 हजार के चेक भेंट किये जायेंगे।

आवेदन शुल्क रु.50/- प्रति विद्यार्थी है।

अतः प्रतियोगिता मे भाग लेने के इच्छुक छात्र छात्रायें संस्था द्वारा दिये गये फार्म को भरकर शुल्क जमाकर अपनी फोटो और भुगतान की रसीद के साथ ईमेल से आवेदन कर सकते हैं। संस्था से संपर्क के लिये फोन नं. 9811013430 है और ईमेल का पता है - anilkchand@gmail.com